भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
16.09.2020 के
अतारांकित प्रश्न सं. 554 का उत्तर

नए रेल जोनों की स्थापना

554. डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवतीः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने दक्षिण तट रेलवे नामक (एससीओआर) नए रेल जोन की स्थापना करने की घोषणा की है जिसका मुख्यालय विशाखापट्टनम में होगा;

(ख) क्या रेलवे ने प्रशासनिक और तकनीकी कारणों के मद्देनजर दक्षिण तटीय रेलवे के साथ वॉलटेयर मंडल को बनाए रखने पर विचार किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): जी हां।

(ख) और (ग) : मौजूदा दक्षिण मध्य रेलवे और पूर्व तट रेलवे को पुनर्संगठित करते हुए मौजूदा वालटेयर मंडल के स्थान पर दक्षिण तट रेलवे (एससीओआर) में नए रेलवे जोन अर्थात् विशाखापटनम में मुख्यालय और रायागड़ा में मुख्यालय के साथ नए मंडल का गठन करने का निर्णय प्रशासनिक तथा परिचालनिक आवश्यकताओं सहित सभी संगत कारकों पर यथोचित रूप से विचार करते हुए लिया गया है।

****